दिन–शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 05 मिनट

एशियाई खेलों में भारत के सौ पदक पूरे हो गये हैं। इन खेलों के चौहत्तर साल के इतिहास में भारत ने पहली बार यह उपलब्धि हासिल की है। भारतीय खिलाड़ियों ने आज दो स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। कबड्डी में भारतीय महिला टीम ने चाइनीज ताईपे को छब्बीस–पच्चीस से पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। वहीं, भारतीय खिलाड़ियों ने आर्चरी कम्पाउंड में एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियाई खेलों में सौ पदक जीतने पर खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए सभी एथलीटों को बधाई दी है।

——————————————————————

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मुजफ्फरपुर के चर्चित किडनी कांड मामले में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव तथा जिलाधिकारी और एसएसपी को उपस्थित होने का आदेश दिया है। साथ ही आयोग ने मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक को आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। गौरतलब है कि लगभग एक वर्ष पूर्व जिले के बरियारपुर में एक फर्जी डॉक्टर ने एक महिला की दोनों किडनी निकाल ली थी। इस मामले में मानवाधिकार आयोग ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पीड़िता का किडनी प्रत्यारोपण करवाने और इस संबंध में रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया था। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस संबंध में कार्रवाई नहीं किये जाने पर आयोग ने अधिकारियों को तलब किया है।

——————————————————————

बैंकों में दो हजार रूपये मूल्य के नोट बदलने की विस्तारित समय सीमा का आज अंतिम दिन है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार अब तक संतानवे प्रतिशत नोट बदले या जमा किये जा चुके हैं। इसका मूल्य तीन दशमलव चार तीन लाख करोड़ रूपये है। शेष लगभग साढ़े तीन प्रतिशत यानि बारह हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी प्रचलन में हैं। गौरतलब है कि दो हजार रूपये का नोट वैध मुद्रा होने के बावजूद कल से बैंक या अन्य प्रतिष्ठानों में स्वीकार नहीं किये जायेंगे। यदि कोई

व्यक्ति दो हजार रूपये का नोट बदलना चाहता है तो वह एक मुश्त बीस हजार रुपये तक की राशि देशभर के रिजर्व बैंक के कार्यालयों से बदलवा सकता है।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने जाति आधारित सर्वेक्षण के आंकड़ों से छेड़छाड़ के आरोपों को बेबुनियाद बताया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि आंकड़ों के साथ कोई छेड़छाड़ नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों का संग्रह और प्रस्तुतीकरण वैज्ञानिक तरीके से हुआ है। श्री यादव ने इस संबंध में विपक्षी दलों के आरोपों पूरी तरह गलत बताया।

———————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान पैंतीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ सीतामढ़ी का पुपरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, इसी अवधि में पश्चिम चंपारण के वाल्मीकिनगर में सबसे अधिक अड़तालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है।

———————————————————

प्रदेश में पिछले दिनों हुयी भारी बारिश के चलते गंगा, पुनपुन, घाघरा, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती और कोसी नदी के जलस्तर में कई स्थानों पर बढ़ोतरी देखी जा रही है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनपुन नदी पटना के श्रीपालपुर में खतरे के निशान से इकसठ सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। वहीं, गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में लाल निशान से ऊपर है। बागमती नदी का जलस्तर रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में खतरे के निशान के ऊपर रिकॉर्ड किया गया। वहीं, कमलाबलान का जलस्तर मधुबनी के झंझारपुर और कोसी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में चेतावनी के स्तर से ऊपर दर्ज किया गया। इधर, शिवहर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि बागमती नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि से बेलवा घाट के पास शिवहर–मोतिहारी पथ पर पानी फैल जाने से आवागमन बाधित हो गया है। वहीं, कैमूर में नदियो के जलस्तर में गिरावट आने के बाद बाढ़ की स्थिति में सुधार हुआ है।

———————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के दो सौ अट्ठावन नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार

पटना में सबसे अधिक एक सौ अड़सठ नए मामले सामने आये हैं। डेंगू मरीजों की संख्या आठ हजार के आंकड़े को पार कर गयी है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।